जीएसटी संग्रह पहली बार दो लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली। आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच घरेलू लेनदेन और आयात में मजबूत वृद्धि के दम पर जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2024 में पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इससे पहले अप्रैल, 2023 में सबसे ज्यादा 1,87,035 करोड रुपये का कर संग्रह हुआ था।

वित्त मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4% की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। घरेलू लेनदेन में 13.4 व आयात में 8.3% की वृद्धि दर्ज की गई।

मंत्रालय ने बताया, 2,10,267 करोड़ के सकल जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी की 43,846 करोड़ और राज्य जीएसटी की 53,538 करोड़ हिस्सेदारी रही। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर जुटाए 37,826 करोड़ शामिल हैं। कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रुपये रहा। ब्यूरो

>> जीएसटी का नया रिकॉर्ड : कारोबार

घरेलू लेनदेन और आयात में मजबूत वृद्धि से कर वसूली ऐतिहासिक ऊंचाई पर

2.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया जीएसटी संग्रह

12.4% ज्यादा सालाना आधार पर

यूपी ने तमिलनाडु को पछाड़ा

यूपी ने अप्रैल में जीएसटी संग्रह में 19% की वृद्धि के साथ तमिलनाडु को पीछे छोड़ दिया है। यूपी 12,290 करोड़ के जीएसटी संग्रह के साथ चौथे स्थान पर है।